बाल-मृत्यु दर को कम करने के प्रयास

1167. श्री राम जेठमलानी :
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 19 सितम्बर, 1994 के "दि टाइम्स आफ इंडिया" में "चाइल्ड मारटैलिटि रेट हाई इन इंडिया" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश मे बाल-मृत्यु दर चिन्ता का विषय है ;

(ग) यदि हां, तो वर्तमान बाल-मृत्यु दर क्या है और क्या यह भी सच है कि उक्त दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक हैं; और

(घ) यदि हां, तो ये दरें अलग-अलग कितनी हैं और क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों मे चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने पर विचार करेगी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा0 सी0 सिल्वेरा) : (क) सरकार ने उस समाचार को देखा है।

(ख) से (घ) सरकार ने कई कदम उठाए हैं और शिशु मृत्यु-दर कम हो गई है।

नमूना पंजीयन पद्धति के अनुसार शिशु मृत्यु-दर

वर्ष	अखिल भारत	ग्रामीण	शहरी
1982	39.1	43.9	20.9
1992	26.5	29.1	15.6

उप-केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सीय सेवायें बढ़ा दी गई हैं। न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवाओं को बढ़ाने के लिए 8वीं योजना के लिए राज्यवार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

पोलियो उन्मूलन योजना

1168. **श्री इकबाल सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश के सभी नगरों-महानगरों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों को पोलियो जैसी भयंकर बीमारी से मुक्त करने की कोई प्रभावी योजना तैयार की है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा0 सी0 सिल्वेरा) : (क) जी, हां।

(ख) पोलियो के उन्मूलन के लिये अपनाई गई कार्य नीतियों मुखीय पोलियो वैक्सीन की तीन खुराकों से 80 प्रतिशत शिशुओं का कवरेज स्तर बनाए रखना इन क्षेत्रों/समूहों में, जहां किसी भी मामले की सूचना दी गई है, मुखीय पोलियो वैक्सीन पिलाने के अतिरिक्त वक्र के पूरक कार्यकलाप शुरू करने और महामारी को फैलने के रोकथाम संबंधी उपाय करना है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Wo[r]k?h9i! on newer techniques in spteal and epidural anaesthesia

1169. SYEp SIBTEY RAZI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state;

'(a) whether some workshop ort newer techniques in spinal and apidura!